**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 09 अप्रैल 2025, समय 1810 (10 मिनट)**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जलवायु परिवर्तन को सबसे बड़ा खतरा बताया, और स्वदेशी उत्पादों की अधिक से अधिक खरीद करने पर बल दिया।**

- **हरियाणा सरकार ने पोषण पखवाड़े के दौरान बच्चों के जीवन के पहले एक हज़ार दिनों पर ध्यान केंद्रित कर गर्भवति महिलाओं व शिशुओं के लिए उचित पोषण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।**

- **हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर ने मंडियों में गेहूं के उठान में तेज़ी लाने के निर्देश दिए।**

- **हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा है कि सडक़ निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।**

- **हरियाणा के कई जिलों में लू का प्रकोप जारी। आज रात से मौसम में बदलाव की संभावना जताई गई।**

***************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में नवकार महामंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित किया। श्री मोदी ने जलवायु परिवर्तन को आज का सबसे बड़ा खतरा बताते हुए कहा कि इसका एकमात्र उपाय जैन समुदाय की सतत जीवनशैली है।

श्री मोदी ने स्वदेशी उत्पादों की अधिक से अधिक खरीद करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

***साथियों जब मैं वोकल फॉर लोकल कहता हूं जो सामान बना है भारत में, जो बिके भारत में भी और दुनिया भर में जिस सामान को बनाने में किसी भारतीय के पसीने की खुशबू हो, जिस सामान में भारत की मिट्टी की महक हो, हमें उसे खरीदना है और दूसरों को भी प्रेरित करना है।***

नवकार महामंत्र के महत्व के बारे में बताते हुए श्री मोदी ने कहा कि यह मंत्र विकसित भारत के दृष्टिकोण से जुड़ा हुआ है।

***नवकार महामंत्र का यह दर्शन विकसित भारत के विजन से जुड़ता है। विकसित भारत यानी विकास भी, विरासत भी, एक ऐसा भारत जो रुकेगा नहीं जो थमेगा नहीं। जो ऊंचाई छुयेगा लेकिन अपनी जड़ों से नहीं कटेगा।***

श्री मोदी ने लोगों से नौ संकल्प करने का आह्वान किया।इन 9 संकल्पों जल संरक्षण, एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छता, स्वदेशी उत्पादों को अपनाना, घरेलू पर्यटन, जैविक खेती, स्वस्थ जीवन शैली, योग और खेल तथा जरूरतमंदों की सहायता करना।

*************************************************************************

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने महावीर जयंती के पावन अवसर पर हरियाणा और पूरे देश के लोगों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।श्री दत्तात्रेय ने कहा कि महावीर जयंती भगवान महावीर की शाश्वत शिक्षाओं- अहिंसा, सत्य, करुणा और आत्म-अनुशासन की याद दिलाती है।राज्यपाल ने लोगों से अपने दैनिक जीवन में भगवान महावीर के आदर्शों और सिद्धांतों को आत्मसात करने

और सहिष्णुता, आपसी सम्मान और नैतिक मूल्यों पर आधारित समाज के निर्माण में योगदान देने का आग्रह किया है।

***************************************************************

*********.

भारत सरकार द्वारा 8 अप्रैल से लेकर 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। हरियाणा में इस पखवाड़े के अंतर्गत प्रत्येक दिन अलग-अलग थीम पर गतिविधियों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं तथा किशोरियों तथा छह वर्ष से कम आयु के बच्चों को बेहतरीन पोषण लेने के लिए जागरूक किया जा रहा है।एक सरकारी प्रवक्ता नेबताया कि सरकार ने अधिकारियों को इस पोषण पखवाड़े के दौरान बच्चों के जीवन के पहले एक हजार दिनों पर ध्यान केंद्रित कर, गर्भवती महिलाओं और शिशुओं के लिए उचित पोषण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। इसी प्रकार से पोषण सेवाओं के स्व-पंजीकरण और डिजीटल ट्रेकिंग को प्रोत्साहित करने की हिदायत की गयी है। सरकार ने इसके अलावा , जागरूकता बढ़ाकर स्वस्थ आहार व स्वस्थ जीवनशैली की आदतों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए है।

***************************************************************

*********

हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर ने आज पलवल और होडल अनाज मंडी का दौरा किया। उन्होंने किसानों द्वारा फसल खरीद के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया और किसानों और आढ़तियों से बातचीत की। उन्होंने मंडी में आवश्यक सुधारों को लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए।

खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने बताया कि मंडी में गेहूं की सरकारी खरीद सुचारू रूप से चल रही है। अब तक मंडी में 2 लाख 16 हजार क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है।

उन्होंने कहा -

श्री नागर ने कहा कि मंडी में गेहूं की आवक लगातार तेज हो रही है। गेहूं की फसल बेचने के आए किसानों को कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। राज्य मंत्री ने किसानों को आश्वासन दिया कि सरकार उनके हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

**************************************************************************

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल **Akashvani News Chandigarh** पर भी उपलब्ध हैं।

*****************************************************************************

हरियाणा की स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान व आयुष मंत्री आरती सिंह राव ने कहा है कि सडक़ निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।आज पलवल में लोक संपर्क एवं परिवाद समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करने के बाद मीडिया के सवालों के जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पलवल जिले में बनाई जा रही सडक़ों के निर्माण को लेकर एक सतर्कता समिति का गठन किया जाएगा।

एक प्रश्न के उत्तर में आरती राव ने कहा कि पलवल के नागरिक अस्पताल में सरकार द्वारा बनाई गई नर्सिंग कॉलेज की इमारत में जल्द ही नर्सिंग की क्लास शुरू की जाएगी।वक्फ कानून में किए संशोधन पर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने देश और मुस्लिम हित में यह काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा जब भी देश हित में कोई काम करती है तो कांग्रेस पार्टी उसका पुरजोर विरोध करती है।उन्होंने बताया कि आज की बैठक में 13 शिकायतें आई थी जिनमें से 12 शिकायतों का मौके पर ही निवारण कर दिया गया है।

**********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस महीने की 14 अप्रैल को भिवानी के मेडिकल कॉलेज के वर्चुअल उद्घाटन की तैयारियां शुरू हो गई हैं।
भिवानी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रघुबीर शांडिल्य ने बताया–

***************************************************************************

हरियाणा के कई जिलों में लू चल रही है। हिसार जिले में अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया है।
मौसम विभाग के निदेशक डॉ सुरेंद्र कुमार ने चंडीगढ़ में बताया -

उधर चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर मदन लाल खीचड़ ने कहा है कि पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के कारण आज रात से मौसम में बदलाव आ सकता है। हरियाणा के कुछ जिलों में छिटपुट बूंदाबांदी की संभावना बन रही है।
उन्होंने किसानों को मौसम में आंशिक बदलाव की संभावना के मद्देनजर अपनी गेहूं की फसल की कटाई करके बंडल अच्छे तरीके से बांध कर रखने और खेतों में पशुओं के भूसे को ढक कर रखने की सलाह दी है।

***************************************************************
**********

अम्बाला के सेना भर्ती कार्यालय, ने वर्ष 2025-26 के लिए अग्निवीर की भर्ती हेतु पंजीकरण की अंतिम तिथि 25 अप्रैल तक बढ़ा दी है। पहले पंजीकरण की अंतिम तिथि 10 अप्रैल थी।अग्निवीर भर्ती के लिए हरियाणा के छः जिलों अंबाला, कैथल, कुरुक्षेत्र, करनाल, यमुनानगर, पंचकूला तथा केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ से हिमाचल, दिल्ली तथा चंडीगढ़ के पुरुष अभ्यर्थियों तथा महिला अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

***************************************************************
***********

हरियाणा और इजरायल ने बागवानी के क्षेत्र में कृषि नवाचार को लेकर एक साझा दृष्टिकोण प्रस्तुत किया है। हरियाणा के कृषि मंत्री श्री श्याम सिंह राणा और इजरायल के कृषि व खाद्य सुरक्षा मंत्री ए वी डिक्टर के बीच करनाल के घरौंडा स्थित इंडो-इजरायल सब्जी उत्कृष्टता केंद्र में महत्वपूर्ण बैठक हुई। यह बैठक दोनों देशों के बीच नई दिल्ली में हुए कृषि सहयोग समझौते और कार्य योजना पर हस्ताक्षर के एक दिन बाद आयोजित की गई।